ट्रेनकी चपेटमें आनेसे किसानकी मौत, कोहराम

चायल,कौशाम्बी। एयरपोर्ट थानाक्षेत्र के गौसपुर कटहुला गांव के समीप शनिवार की दोपहर रेलवे लाइन पार करते समय एक किसान ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक उदय सिंह की फाइल फोटो

एयरपोर्ट क्षेत्र के रहीमाबाद गांव निवासी ४० वर्षीय उदय सिंह पटेल पुत्र स्वर्गीय विश्वनाथ पटेल किसानी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। उनकी पत्नी वैशाली देवी ने बताया कि शनिवार को वह बाइक से इलाके के गौसपुर कटहुला गांव में स्थित अपना खेत देखने के लिए गए थे। दोपहर करीब ११ बजे उन्हें दिल्ली हावड़ा रूट की रेलवे लाइन किनारे पति के मृत हालत में पड़े होने की सूचना मिली। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। वह रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर वैभव सिंह का कहना है कि कमर और सिर पर चोट के निशान मिले हैं। युवक ट्रेन की चपेट में कैसे आया यह जांच का विषय है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी न करें, तनावमुक्त जीवन के लिए अपनायें योग

कौशाम्बी। भागदौड़ भरी जिंदगी, काम का दबाव और मोबाइल फोन का अत्यधिक इस्तेमाल मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में तनावमुक्त जीवन के लिए योग, ध्यान, नियमित व्यायाम और सकारात्मक सोच अपनाना जरूरी है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शनिवार को मेडिकल कॉलेज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में चिकित्सकों ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। कॉलेज के प्राचार्य डा० हरिओम कुमार सिंह ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है। सीएमएस डा० पंकज तिवारी ने कहा कि मानसिक तनाव कम करने में परिवार और मित्रों का सहयोग महत्वपूर्ण है। अपनी भावनाएं साझा करने और अपनों से संवाद बनाए रखने से भी मदद मिलती है। डा० मालविका पांडेय ने बताया कि लगातार उदासी, अत्यधिक चिंता, नींद में परेशानी और दैनिक गतिविधियों में रुचि कम होना मानसिक समस्या के संकेत हो सकते हैं। विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। इस मौके पर पैथोलॉजी विभाग के डॉ. रवि रंजन सिंह,माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डा० अरिंदम चक्रवर्ती, डा० राकेश शुक्ल, डा० शारदा, डा० नंदनी राघव और डा० शिवम बिश्नोई सहित अन्य चिकित्सक व रेजिडेंट डॉक्टर सहित एमबीबीएस के विद्यार्थियों भाग लिया।

लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर किया काम,१७ से बहिष्कार की चेतावनी



काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते लेखपाल ।

चायल,कौशाम्बी। लंबित मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा चायल के पदाधिकारियों और लेखपालों ने शनिवार को काली पट्टी बांधकर काम किया। लेखपाल काली पट्टी बांधकर थाना दिवस में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विरोध जताते हुए शासन से मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग की। संघ के तहसील अध्यक्ष रितेन्द्र सिंह और तहसील मंत्री दीपक सिंह के नेतृत्व में लेखपालों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज उठाई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि लगातार बढ़ते कार्यभार के बावजूद वर्षों से उनकी जायज मांगों पर शासन स्तर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लेखपालों ने प्रारंभिक वेतनमान लेवल-५ (ग्रेड पे २८००) करने, वेतन विसंगति दूर करने, अंतर्मंडलीय स्थानांतरण का पोर्टल दोबारा खोलने और चयन वर्ष २०२५-२६ की लंबित पदोन्नति सूची जारी करने की मांग की। इसके अलावा नवनियुक्त लेखपालों की विभागीय परीक्षा का परिणाम घोषित कर स्थायीकरण करने की मांग उठाई। संघ ने स्टेशनरी भत्ता १०० से बढ़ाकर ५०० रुपये, वाहन भत्ता १५०० रुपये और विशेष भत्ता १०० से बढ़ाकर १००० रुपये प्रतिमाह करने की मांग की। ग्राम सचिवालयों में सुविधाएं उपलब्ध कराने और लैपटॉप व मोबाइल देने समेत अन्य मांगें भी उठाईं। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो १७ अक्टूबर से प्रदेशव्यापी संपूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

सड़क दुर्घटना के मामले में केस दर्ज

कौशाम्बी। प्रयागराज के राजरूपपुर निवासी अचलेंद्र जायसवाल ने बताया कि उनका चचेरा भाई रोहित जायसवाल निवासी निवासी मुट्ठीगंज छह अक्तूबर की दोपहर कौशाम्बी के बारा ब्लाक कार्यालय से घर लौट रहा था। सराय अकिल इलाके में चौपुरवा के समीप पीछे से आई कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। कार की टक्कर के बाद पीडित का भाई सामने से आई ट्रैक्टर में जाकर भिड़ गया था। इससे उसको गंभीर चोटें आईं और अभी भी इलाज चल रहा है। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर थानेदार से बात किया गया तो उनका कहना है, कि तहरीर मिली है, केस दर्ज करा दिया गया है।

मोटरसाइकिल की टक्कर से विवाहिता घायल, केस दर्ज

करारी,कौशाम्बी। करारी कोतवाली क्षेत्र के पट्टी अब्दुल रऊफ (पट्टीपर) गांव के समीप पांच दिन पूर्व शौच के लिए जा रही एक विवाहिता को अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दिया। टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शिकायत पर पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पट्टी अब्दुल रऊफ (पट्टीपर) गांव के मुन्ना लाल सरोज ने बताया कि ६ अक्टूबर की शाम करीब ७ बजे उसके भाई की पत्नी शौच के लिए सड़क के पार जा रही थी। तभी पीछे आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दिया। इससे वह वहीं पर गिर गई और घायल हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

दीवार में सेंध काटकर लाखों की चोरी

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के फतेहपुर-सहावपुर गांव में चोरों के हौसला बुलंद नजर आ रहा है। गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान की दीवार में सेंधमारी कर नकदी सोने-चांदी के जेवरात और कीमती सामान समेत करीब दो लाख रुपये का माल पार कर दिया। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कारर‌वाई और छानबीन शुरू कर दी है।

फतेहपुर-सहावपुर निवासी धर्मपाल पुत्र रोशनलाल पाल अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर निजी नौकरी करते हैं। गांव स्थित उनके पैतृक घर पर उनकी बुजुर्ग मां बेला देवी अकेली रहती हैं। गुरुवार की रात बेला देवी रोजाना की तरह खाना खाने के बाद घर के अगले हिस्से में सोने चली गईं। बुजुर्ग महिला के सो जाने के बाद चोरों ने बीती रात का फायदा उठाते हुए घर के पिछले हिस्से की दीवार में सेंध काट दी। चोर आसानी से घर के अंदर दाखिल हो गए और कमरों की तलाशी ली। चोरों ने बक्से और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे ५ हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण, कीमती साडियां (लगभग दस नग) घर में रखा अनाज व अन्य खाद्य सामग्री और बर्तन सहित कुल लगभग दो लाख रुपये मूल्य का सामान चोरी कर लिया। शुक्रवार सुबह जब बेला देवी उठीं तो उन्होंने घर की दीवार में सेंध कटी देखी और सामान बिखरा पाया। यह देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने शोर मचाया और आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी, जिससे मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। फौरन घटना की सूचना पिपरी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पिपरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने पीडित परिवार से तहरीर प्राप्त कर अज्ञात चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस आसपास के संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और चोरों की सुरागकशी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही घटना का अनावरण कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

मां की तेरहवीं में शामिल होने के लिए आये अधेड़ की मौत

चायल,कौशाम्बी। सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के जरैनी गांव में शुक्रवार की रात मां की तेरहवीं संस्कार में शामिल होने आए एक अधेड़ की अचानक मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

जरैनी निवासी ५० वर्षीय सोहन लाल पुत्र स्वर्गीय गया प्रसाद महाराष्ट्र के पूना शहर के पिंपरी मोहल्ले में रहकर मिलिट्री डेयरी फार्म में सरकारी नौकरी करते थे। छोटे भाई पप्पू ने बताया कि उनके पिता और बड़े भाई मोहन लाल की पहले ही मौत हो चुकी थी। २६ सितंबर २०२६ को उनकी मां केला देवी की बीमारी से मौत हो गई थी। जिसकी तेरहवीं संस्कार का कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया था। जिसमें शामिल होने उनके मझले भाई सोहन लाल गांव आए थे। रात्रि करीब आठ बजे आमंत्रित लोग भोजन कर रहे थे इसी बीच वह अचानक जमीन पर गिरकर तड़पने लगे। परिजन इलाज के लिये अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि उनकी सांसे थम गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने शनिवार को बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ज्ञान सिंह का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है।

मजदूरी कर लौट रहे बाइक सवार को दबंग ने तमंचे के बल पर पीटा, २० हजार रुपये लूटे

चायल,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजिहनी आइमा गांव के समीप शुक्रवार की शाम एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक दबंग ने बाइक से घर लौट रहे मजदूर को तमंचा दिखाकर रास्ते में रोका, विरोध करने पर उसकी बेरहमी से पिटाई की और जेब में रखे २० हजार रुपये छीनकर फरार हो गया। घटना के बाद से पीडित मजदूर और उसका परिवार दहशत में है। पुलिस को दी गई तहरीर केअनुसार संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव निवासी राजू पुत्र मोतीलाल रोजाना की तरह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। शुक्रवार की शाम वह उजिहनी खालसा गांव से मजदूरी का भुगतान बीस हजार रुपए लेकर अपनी बाइक से वापस घर लौट रहा था।जब राजू उजिहनी आइमा गांव के समीप पहुंचा तभी रास्ते में एक दबंग ने उसे तमंचा दिखाकर जबरन रोक लिया। आरोप है कि आरोपी ने पहले उसे गालियां दीं और विरोध करने पर उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इसके बाद आरोपी ने उसकी जेब में रखे २० हजार रुपये कैश भी छीन लिए।मजदूर की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जब तक घटनास्थल की ओर दौड़े तब तक मौका पाकर आरोपी वहां से भाग निकला। घटना के तुरंत बाद पीडित ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। घटना की सूचना मिलते ही संदीपन घाट पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस ने पीडित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

दोआबा में सजा माता का पण्डाल,आज होगी स्थापना

जिले में १७ सौं स्थानों पर मां की होगी स्थापना,गाजे -बाजे के साथ मां की प्रतिमा लेकर पण्डाल पहुंचे भक्त

कौशाम्बी। दोआबा में लगभग १७ सौं स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया जायेगा। जिसके लिए शनिवार को भक्त मां की प्रतिमा को लेकर पण्डालों में पहुचे। इस दौरान गाजे बाजे के साथ भक्त मां की प्रतिमा ले जाते हुए, माता के जयकारें लगाये। गुरूवार की सुवह भक्तो द्वारा मां की प्रतिमा को स्थापित किया जायेगा।



मां की प्रतिमा ले जाते श्रद्धालु

जिले के सिराथू, करारी, सैनी, देवीगंज, अझुवा, मूरतगंज, भरवारी, पूरामुफ्ती, मनौरी, नेवादा, चायल आदि सहित जिले भर के कस्बा व चौराहों के साथ गांवों में मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना होनी है। शनिवार को भक्तो द्वारा मां की प्रतिमा को प्रतिमा का निर्माण करने वाले के यहा से गाजे बाजे के साथ ल गये। इस दौरान भक्त मां दुर्गा के जयकारे लगाते रहे। नगर पंचायत सराय अकिल में शनिवार को कस्बे के लोगों ने जगह-जगह मां दुर्गा को विराजमान करने के लिए पंडाल सजाए, भक्तों ने लगभग १० से १५ फीट के पंडाल को झालरों से सजाया। जिसमें मां दुर्गा को विराजमान कर दिया जायेगा। नवरात्र का पर्व सराय अकिल कस्बे में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। जगह-जगह मां दुर्गा के पंडाल सजाए गए,पाण्डालों को आकर्षक विद्युत झालरों सजाया गया है। भक्तों ने १० से १५ जगह माता के पाण्डाल सजाये है। नवरात्रि के बाद दशहरा होने के तत्पश्चात विसर्जन किया जाएगा। सराय अकिल कस्बा में मां दुर्गा के दर्शन के लिए गांव-गांव से लोग आते हैं। माता के पाण्डाल को भक्त अनेकों तरह से सजाते हैं। गल्ला मंडी बाजार ,राम जानकी मंदिर, भगौती गंज ,फकीराबाद पटेल, चौराहा ,करन चौराहा ,राजा तालाब ,मौलवी गंज , रामलीला मैदान आदि कई जगह मां दुर्गा को विराजमान करने के लिये पाण्डाल सजाए गये है। लोगों का कहना है, कि रविवार की सुवह से मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना किया जायेगा। गुरूवार को सभी पण्डालों में मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित करने के लिए शनिवार को देर रात तक भक्तो द्वारा पण्डालों को सजाया। जिससे रविवार की सुवह से मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना शुरू कर दिया जायेगा। बहरहाल कुछ भी हो गुरूवार को भक्तो द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा को गांवों व कस्बो में पहुचा, दिया गया है, जिससे गुरूवार की सुवह प्रतिमाओ को स्थापित कर दिया जायेगा, इस दौरान भक्तो द्वारा मां के जयकारे लगाते हुए,प्रतिमा लेकर गये। वही दुर्गा प्रतिमाओ की स्थापना व पूजा अर्चना की सभी भक्तो द्वारा पूरी तैयारी कर लिया गया है। भक्तो की इस पूजा अर्चना में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पंन नहीं होने पाये इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने भी पूरी तरह से कमर कस लिया है। सभी दुर्गा पंड़ालों की सूची पुलिस ने तैयार कर लिया है, और दुर्गा पंडालों में बनी समिति के पदाधिकारियों को यह जिम्मेदारी दिया गया है, कि वह दुर्गा पंडालो में सीसीटीवी कैमरा भी लगाये, जिससे सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं हो।

राम जन्म की खुशियां अयोध्या में, रावण जन्म से गूंजी लंका

कौशाम्बी। मंझनपुर मुख्यालय की रामलीला का प्रारंभ हो गया है। शुक्रवार की लीला में राम जन्म के प्रसंग में अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्म लेते ही चारों ओर उत्साह और उल्लास का वातावरण दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ भगवान के जन्मोत्सव का आनंद लिया। इसके बाद लंका में रावण के जन्म और उसके बढ़ते पराक्रम से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया गया। रावण विवाह का प्रसंग भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। रामलीला के अगले प्रसंग में लंकापति रावण के आदेश की अवहेलना से नाराज मेघनाद के पराक्रम का मंचन किया गया। मेघनाद ने अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए इंद्रदेव, सूर्यदेव, शनिदेव सहित कई देवताओं को बंधक बना लिया। इस प्रसंग के मंचन ने दर्शकों में उत्सुकता पैदा कर दी और पूरा रामलीला परिसर तालियों एवं जयघोष से गूंज उठा। रामलीला देखने के लिए उमड़ी भीड़ के चलते देर रात तक मंझनपुर का माहौल भक्तिमय बना रहा। कमेटी द्वारा मंचन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। आयोजन धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष आशीष केशरवानी उर्फ बच्चाभाई आदि मौजूद रहे।

संविदा कर्मियों ने मांग नहीं पूरी होने पर किया हड़ताल

संविदा कर्मचारियों के धरने का तीसरा दिन,कल लखनऊ कूच करने का ऐलान

कौशाम्बी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिला मुख्यालय मंझनपुर स्थित डायट मैदान में चल रहे तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन के अंतिम दिन कर्मचारियों में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत कर्मचारियों की एकजुटता के बीच एक गर्भवती की सहभागिता विशेष चर्चा का विषय रही। उन्होंने भी धरने में शामिल होकर आंदोलन को मजबूती प्रदान की।



अपनी मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते संविदाकर्मी ।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डा० अरुण केशरवानी ने सभी कर्मचारियों से संयम और धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सरकार पर पूरा भरोसा जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि कर्मचारियों की जायज मांगें पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी एकजुट रहें और अनुशासन के साथ शांतिपूर्ण तरीके से अपनी लड़ाई जारी रखें। धरने के दौरान आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। कर्मचारियों ने १२ अक्टूबर को लखनऊ पहुंचकर प्रस्तावित अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन में भाग लेने का संकल्प लिया। संगठन ने सभी कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने और आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। गौरतलब है कि धरने के दूसरे दिन जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने भी डायट मैदान पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों को सुना था और उनके समर्थन में सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया था।

तीसरे दिन के धरने में अवनीश मिश्रा, रोहिणी त्रिपाठी, संतोष, फौजिया, मधु, माथुर, जितेंद्र परमार, सिवनी, डा० सदैय्या, डा० निकहत, शिवप्रताप, सिबली राजा और प्रदीप सिंह सहित लगभग ४०० संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ तीन दिवसीय जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन संपन्न हुआ। कर्मचारियों ने एकजुटता बनाए रखते हुए अपने अधिकारों की लड़ाई को प्रदेश स्तर पर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। संगठन का संदेश-संयम, विश्वास और एकता के साथ संघर्ष जारी रहेगा। १२ अक्टूबर को लखनऊ कूच कर कर्मचारी अपनी मांगों को मजबूती से उठाएंगे।

रामपुर बढ़नावा में पशु आरोग्य मेले में पशुओं का किया गया निःशुल्क इलाज



पशुओं की जांच करते चिकित्सक।

कड़ा,कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के न्याय पंचायत सिपाह अंतर्गत रामपुर बढ़नावा गांव में शनिवार को पशुपालन विभाग ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला आयोजित किया। मेले में पशुओं का निःशुल्क इलाज कर दवाइयां वितरित की गईं। इससे पहले मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान राम नरेश पटेल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगदीश गुप्ता एवं पशु चिकित्साधिकारी डा० दीप शिखा ने गोपूजन और गुड़ खिलाकर मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान पशु पालन विभाग की टीम ने पशुपालकों को सरकारी योजनाओं, पशु प्रबंधन, खानपान, टीकाकरण और बीमारियों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान पशुपालकों ने पशुओं के लिए दवाइयां ली। साथ ही कई पशुओं का मौके पर उपचार भी किया गया। इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी डा दीप शिखा, पशु चिकित्सा अधिकारी सिराथू, डा चन्द्रदीप, पशुधन प्रसार अधिकारी अनिल साहू, पैरावेट्स रोशन लाल, ग्राम प्रधान राम नरेश पटेल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगदीश गुप्ता सहित तमाम पशु पालक मौजूद रहे।

इमलीगांव नेवादा में विद्या भारती लेजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

कौशाम्बी। सीजन २ का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन के अवसर पर विद्या भारती पब्लिक स्कूल के प्रबंधक श्रीप्रकाश शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला शनिवार को न्यू समर्थ हॉस्पिटल बनाम अब्बास राय मीडिया प्रीमियर लीग की चैम्पियन ऑपरेटिंग राइजिंग स्टार के बीच खेला गया। मुकाबले में न्यू समर्थ हॉस्पिटल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निणय लिया और निर्धारित पारी में ५ विकेट के नुकसान पर १८१ रन बनाए। न्यू समर्थ हॉस्पिटल की ओर से डी.के. यादव ने ५४ रन, आलोक ने ५३ रन तथा धर्मेंद्र सिंह ने ४४ रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, ऑपरेटिंग राइजिंग स्टार की ओर से अरुण सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए २ विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑपरेटिंग राइजिंग स्टार की टीम न्यू समर्थ हॉस्पिटल की शानदार गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और मात्र १०४ रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से चित्तरंजन ने सर्वाधिक ४० रनों की पारी खेली। न्यू समर्थ हॉस्पिटल की तरफ से फील्डिंग काफी अच्छी की गयी अमित श्रीवास्तव ने शानदार कैच पकड़ा। न्यू समर्थ हॉस्पिटल की ओर से नीतीश ने हैटट्रिक सहित ३ विकेट तथा अख्तर ने २ विकेट हासिल किए। आलोक ने भी विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए आलोक को चुना गया। मैच में अंपायर की भूमिका ललित एवं महेश ने निभाई, जबकि स्कोरिंग का कार्य सत्यम शुक्ल ने किया। इस अवसर पर टूर्नामेंट के आयोजक अजेय मिश्रा एवं मोहित सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मैच के बाद सभी कप्तानों ने टूर्नामेंट ट्रॉफी के साथ फोटो सेशन किया।

मोबाइल फोन हैक कर खाते से उड़ाये ३३ हजार रुपये

कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर-कड़ा धाम निवासी फल विक्रेता के खाते से मोबाइल फोन हैक कर करीब ३३ हजार रुपये उड़ा दिए गए। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दारानगर निवासी राजेश कुमार सिराथू बाजार में फल आदि का ठेला लगाता है। उसने बताया कि २२ अगस्त की शाम वह ठेला लगाए हुए था। तभी अमरनाथ सोनकर नामक व्यक्ति ठेले पर आया। उसने दो सौ रुपया नकद देकर क्यूआर कोड देते हुए अपने खाते में ऑनलाइन रकम ली। पीडित के मुताबिक, इसी के बाद उसका मोबाइल फोन हैक हो गया और दो किस्तों में खाते से ३३ हजार छह सौ रुपये कट गए।

आधार प्रमाणीकरण में असफल होने पर भी कार्डधारकों को मिलेगा खाद्यान्न

कौशाम्बी। राष्ट्रीय खाद्यय सुरक्षा अधिनियम-२०१३ अंतर्गत पात्र राशन कार्ड लाभार्थियों को उचित दर की दुकानों के माध्यम से ई-पॉस मशीन पर आधार प्रमाणीकरण के उपरांत निःशुल्क खाद्यान वितरित किया जाता है। आधार प्रमाणीकरण के लिए लाभार्थी का बायोमेट्रिक कैप्चर कर यूआईडीएआई सर्वर से उसका मिलान किया जाता है। मिलान सफल होने पर आधार प्रमाणीकरण दर्ज कर राशन कार्ड पर अनुमन्य खाद्यान ई-वेइंग स्केल पर तौलकर उपलब्ध कराया जाता है। जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य ने बताया कि अगर किसी कारणवश लाभार्थी का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण सफल नहीं होता है, तो उसी दिन दो बार पुनः बायोमेट्रिक कैप्चर करने की सुविधा उपलब्ध रहती है। तीनों प्रयास असफल होने पर आइरिस स्कैन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण का प्रयास किया जाता है। आइरिस स्कैन का मिलान सफल होने पर लाभार्थी को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। अगर किसी विशेष लाभार्थी का तीन बार बायोमेट्रिक कैप्चर तथा एक बार आइरिस स्कैन करने के बाद भी प्रमाणीकरण नहीं हो पाता है, तो राशन कार्ड में सम्मिलित अन्य सदस्य निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए अनुमन्य खाद्यान प्राप्त कर सकते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने राशन कार्डधारकों से अपील है कि वह किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और खाद्यान प्राप्त करने के लिए नया मोबाइल फोन न खरीदें। पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क खाद्यान उपलब्ध कराने के लिए विभाग निर्धारित वैकल्पिक व्यवस्थाएं पहले से संचालित कर रहा।

पितृ विर्सजनः तर्पण श्राद्ध के साथ पितरों को किया विदा

कौशाम्बी। आश्विन माह की अमावस्या पर शनिवार को गंगा स्नान करने के बाद लोगों ने पितरों का तर्पण व श्राद्ध के करने के साथ उन्हें पूरे सम्मान के साथ विदा किया। इस दौरान घर अथवा गंगा घाट पर पुरोहितों को बुलाकर पिंडदान भी किया गया। इससे पहले पखवारे भर पूर्वजों का पूरे भाव व श्रद्धा के साथ सात्विक रहकर उनका आशीर्वाद लिया।

पितृ पक्ष के अंतिम दिन अमावस्या पर शनिवार को गंगा घाट पर पितरों को पिंडदान करने के लिए लोगों की भीड़ भोर से ही पहुंचने लगी थी। किसी ने घर में तो किसी ने गंगा किनारे जाकर पितरों को पिंडदान दिया। हर साल १६ श्राद्ध का समय भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि से मिलता है। इसका समापन आश्विन अमावस्या के दिन होता है। पितृपक्ष के अंतिम दिन लोगों ने पितृ श्राद्ध किया। इसी मान्यता के साथ कड़ा के कुबरी व संदीपन गंगा घाट पर सैकड़ों लोगों ने पूर्वजों का तर्पण करते हुए उन्हें पिंडदान किया। सुबह से दोपहर तक श्राद्ध व पिंडदान का सिलसिला चलता रहा। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने पितरों का तर्पण करता है उसे पितरों का आशीष मिलता है। पितृ पक्ष के दौरान परलोक गए पूर्वजों को पृथ्वी पर अपने परिवार के लोगों से मिलने का अवसर मिलता है और वह पिंडदान अन्न एवं जल ग्रहण करने की इच्छा से अपनी संतानों के पास रहते हैं। ऐसे व्यक्ति से उसके पूर्वज प्रसन्न होकर उसे सुख समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। इस दौरान लोगों ने पिंडदान करके अपने पूर्वजो को मोकच्छ की प्राप्ति कराने का कार्य किए।

नवरात्र की तैयारियों का जायजा लेने कड़ाधाम पहुंचे आईजी, परखी सुरक्षा व्यवस्था



कड़ा में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते आईजी ।

कड़ा,कौशाम्बी। शारदीय नवरात्रि के पर्व को सुचारू और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में पुलिस महानिरीक्षक अजय मिश्रा ने रविवार को शक्तिपीठ कड़ाधाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईजी ने मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष टिंकू पण्डा से मिलकर दर्शन व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

शारदीय नवरात्रि के पर्व को सुचारू और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में पुलिस महानिरीक्षक अजय मिश्रा ने रविवार को शक्तिपीठ कड़ाधाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईजी ने मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष टिंकू पण्डा से मिलकर दर्शन व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने कुबरी गंगा घाट पहुंचकर वहाँ की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई और सुरक्षा इंतजामों का मुआयना किया। आईजी अजय मिश्रा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नवरात्रि के दौरान दूर-दराज से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने घाटों पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था और जल पुलिस की तैनाती को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत, अपर पुलिस अधीक्षक अमिता सिंह, उपजिलाधिकारी सिराथू प्रमेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सिराथू सत्येंद्र प्रसाद तिवारी,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण केशरवानी और अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार सिंह सहित तमाम प्रमुख अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सगे भाइयों सहित १४ लोगों पर एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी। सराय अकिल क्षेत्र में के एक गांव सगे भाईयों समेत १४ लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

सराय अकिल थाना क्षेत्र के खोंपा गांव की प्रीती देवी पत्नी रामविशुन ने बताया कि उसकी बहन कल्पना ने अपने हिस्से की जमीन इलाके के पनारा गोपालपुर (धनाजी) गांव निवासी सुनीता देवी व रेशमा देवी को बेच दिया था। क्रेता पक्ष २० जुलाई २०२५ को क्रय की गई भूमि पर निर्माण करा रहा था। तभी गांव के ही चंदीलाल, उसके भाई जगन्नाथ, कृष्ण चंद्र, बेटा राहुल, परिवार के देवेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, सुनीता देवी, सत्यम, दशरथ, राधेश्याम, विजय, राममोहन व सुरेश मौके पर आकर निर्माण बंद कराने लगे। नहीं बंद करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए पीडिता तथा उसके पिता उमा किशोर को हत्या करने के इरादे से दौड़ा लिया। पीडिता ने कार्रवाई के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। शुक्रवार को अदालत के आदेश पर पुलिस ने एससी-एसटी आदि का मुकदमा कायम कर लिया। डीएसपी चायल शिवांक सिंह ने जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।